

एक अनुशासित गेंदबाज के तौर पर मेरा ध्यान फिटनेस और लाइन-लेंथ पर रहता है। आप कितना भी अच्छा प्रदर्शन करें कभी-कभी किस्मत आपका साथ नहीं देती है। आपका प्रदर्शन सबसे अहम है। - भुवनेश्वर कुमार

भारतीय गेंदबाज, अपने प्रदर्शन को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी

### अमित मिश्रा



कुछ खिलाड़ी कप्तान के खास, क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अमित मिश्रा ने धोनी-कोहली पर साधा निशाना ! अमित मिश्रा ने क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बड़ा खुलासा किया है। मिश्रा ने बिना नाम लिए एमएस धोनी और विराट कोहली पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ खिलाड़ी कप्तान के पसंदीदा होते हैं। बता दें कि मिश्रा का क्रिकेट करियर दो अलग-अलग दौर से गुजरा। पहला अनिल कुंबले की जगह लेना और दूसरे अश्विन-जडेजा के प्रतिस्पर्धा से निपटने का था। मिश्रा ने कहा, कुछ खिलाड़ी कप्तान के पसंदीदा होते हैं। लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।

**क्या आप जानते हैं ?...** एशिया कप में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड कोहली के नाम है। कोहली ने साल 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ 183 रन जड़ दिए थे।

## आरसीए एजीएम संपन्न, मीटिंग में सभी मुद्दों पर हुई सकारात्मक चर्चा : डी.डी. कुमावत

जयपुर, 5 सितम्बर। जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित आरसीए अकादमी आज दोपहर 1 बजे आयोजित हुई। मीटिंग की अध्यक्षता आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत और एडहॉक कमेटी सदस्य पिंकेश पोरवाल , आशीष तिवाड़ी , मोहित यादव ने भी भाग लिया। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार आज राजस्थान क्रिकेट संघ की वार्षिक आम सभा आयोजित हुई जिसमे मुख्य रूप से राजस्थान क्रिकेट संघ से सम्बंधित सभी जिला क्रिकेट संघ सचिवों / प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मीटिंग में राज्य के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों व वरिष्ठ खेल प्रशासकों को श्रद्धांजलि देते हुए हुनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया।

डी डी कुमावत ने बताया की आरसीए एजीएम में सभी सदस्यों ने प्रस्तावित सभी मुद्दों को सर्वसम्मति पारित किया। मीटिंग में आरसीए की पूर्व कार्यकारिणी व पूर्व एडहॉक कमेटी द्वारा गठित की गयी कमेटियों, निर्णयों, लोकपाल, ऐथिक्स ऑफिसर की नियुक्ति सहित पूर्व सचिव द्वारा बिना किसी मीटिंग व अधिकार के नए जिला क्रिकेट संघो की मान्यता को पूर्ण रूप से तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का सभी सदस्यों ने सर्वसम्मित से पारित किया। साथ ही राजस्थान क्रिकेट संघ के चुनाव से पूर्व आरसीए के सभी जिला क्रिकेट संघो के लिम्बित चुनावों की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कर पर भी सहमति बनी।





संयोजक के अनुसार एजीएम में जयपुर के निर्माणाधीन अंतराष्ट्रीय स्टेडियम ,जोधपुर के बरकतुल्लाह खा स्टेडियम सहित राजस्थान क्रिकेट संघ के सभी जिला क्रिकेट केंद्रों पर स्टेडयम के निर्माण पर गहन चर्चा हुई व जिला केंद्रों पर स्टेडियम निर्माण हेतु एडहॉक कमेटी सदस्य आशीष तिवाड़ी जी की अध्यक्षता में गठित कमेटी को जल्द से जल्द जिलों में स्टेडियम की भूमि व निर्माण की प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। सदस्य आशीष तिवाड़ी ने बताया की मीटिंग में सदस्यों द्वारा बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र की निकटता को देखते हुए आरसीए की सभी प्रतियोगिताओं को बारिश का दौर ख़त्म होते हे जल्द से जल्द पूर्ण कर राज्य के युवा खिलाडियों को बीसीसीआई की राष्ट्रिय प्रतियोगिताओं की तैयारियों हेतु उच्च प्रशिक्षण व खेल वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जो दिया गया जिसे सवसम्मति से पारित किया गया।

सदस्य पिंकेश पोरवाल के अनुसार मीटिंग में राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई की आगामी राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न आयु वर्ग के पुरुष – महिला प्रतियोगिताओं , प्रशिक्षण शिविरों सहित विभिन्न क्रिकेट गतिविधियों के सफल आयोजन सहित आगामी खेल गतिविधियों की रुपरेखा पर सवर्सम्मित से सहमति बनी।

सदस्य मोहित यादव के अनुसार राज्य के प्रतिभावान खिलाडी जो बीसीसीआई की आगामी सीनियर रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता के सभावितों के प्रशिक्षण शिविर के चयन से बहार हो गए हैं, उनकी प्रतिभा को अवसर प्रदान करने के लिए आरसीए विशेष योजना बनाकर उन्हें प्रशिक्षण व उचित अवसर प्रदान करेगा जिससे उनकी प्रतिभा को अवसर प्रदान किया जा सके व वे भविष्य में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर अपना बेहतरीन प्रदर्शन दे सके।

संयोजक डी डी कुमावत ने बताया की एजीएमके दौरान आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धनंजय सिंह खींवसर दादी के आकस्मिक स्वर्गवास की सुचना मिलने पर सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखकर पवित्र आत्मा की शांति के लिए भगवान् से प्रार्थना की व कहा की इस कठिन समय पर समस्त आरसीए व खेल जगत शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है।

## रॉस टेलर ने ली संन्यास से वापसी

### समोआ के लिए खेलेंगे टी-20 विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट



नई दिल्ली, 5 सितंबर। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रॉस टेलर ने संन्यास से वापसी कर ली है। हालांकि अब वह न्यूजीलैंड से नहीं बल्कि समोआ की तरफ से खेलते हुए दिखाई देंगे। 41-वर्षीय मध्य क्रम के बल्लेबाज टेलर आगामी ईस्ट एशिया-पैसिफ़िक टी20 विश्व कप 2026 के क्वालिफ़ायर टूर्नामेंट में समोआ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टेलर ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर इसकी घोषणा करते हुए लिखा, "अब यह आधिकारिक है। मुझे गर्व है कि मैं क्रिकेट में नीली जर्सी पहनकर समोआ का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। यह ना सिर्फ़ मेरे पसंदीदा खेल में मेरी वापसी है, बल्कि अपनी विरासत, संस्कृति, गांव और परिवार का प्रतिनिधित्व करने का बड़ा सम्मान भी है। मैं इस अवसर के लिए उत्साहित हूं।" टेलर को अपनी मां की विरासत के चलते समोआ का पासपोर्ट मिला हुआ है। वह अप्रैल 2022 में न्यूजीलैंड के लिए आख़िरी बार खेले थे। इससे उनका तीन साल का कूलिंग ऑफ पीरियड भी पूरा हो गया है और अब वह समोआ के लिए खेलने के पात्र हैं। उन्होंने 2006 से 2022 तक न्यूजीलैंड के लिए 112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी20 खेले हैं, जहां उन्होंने क्रमशः 7683, 8607 और 1909 रन बनाए हैं। वह न्यूजीलैंड के कुछ महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं।

वह न्यूजीलैंड के लिए टी20 में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं, जबकि उन्होंने इस फ़ॉर्मैट में आख़िरी मैच नवंबर 2020 में खेला था। टेलर ही नहीं समोआ के लिए न्यूजीलैंड से एक और बड़ा नाम भी शामिल हुआ है।

32 वर्षीय सीन सोलिया ने न्यूजीलैंड में ऑकलैंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेला है। वह भी अब समोआ के लिए खेलते हुए दिखेंगे। टेलर और सोलिया से उम्मीद है कि वे समोआ की बल्लेबाज़ी लाइन-अप को मजबूती देंगे, जिसमें डेरियस विसर जैसे बल्लेबाज भी शामिल हैं। विसर ने अगस्त 2024 में वानुआतु के ख़िलाफ़ एक मैच में एक ओवर में छह छक्के और तीन वाइड सहित कुल 39 रन लगाकर रिकॉर्ड बुक में जगह बनाई थी।

## नीरज और नदीम विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में करेंगे प्रतिस्पर्धा

नई दिल्ली, 5 सितंबर। भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और चोट से उबर चुके पाकिस्तानी एथलीट अरशद नदीम इस महीने के आखिर में टोक्यो में होने वाली 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नदीम के चिकित्सक असद अब्बास ने गुरुवार को बताया कि पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। अब्बास ने टेलीकॉम एशिया को बताया, अरशद पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और मैंने उनके ठीक होने और प्रगति पर नजर रखी है। मुझे यकीन है कि वह नीरज और भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य सभी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित होगी। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन 17 सितंबर को और फाइनल अगले दिन होगा। जापान नेशनल स्टेडियम में नीरज चोपड़ा बनाम अरशद नदीम पेरिस 2024 के बाद उनका पहली बार आमना-सामना होगा। पेरिस 2024 के बाद से नदीम ने केवल एक बार प्रतिस्पर्धा की है, मई में कोरिया गणराज्य के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 86.40 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में पिछले महीने डायमंड लीग जीतने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट के भी भाग लेने की उम्मीद है। भारतीय एथलीट नीरज टोक्यो में होने वाली भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे।

## भगदड़ के बाद पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा चिन्नास्वामी

बेंगलुरु, 5 सितम्बर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल जीत के बाद 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के बाद चिन्नास्वामी पहली बार क्रिकेट मुक़ाबलों की मेजबानी करेगा। यह स्टेडियम कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के तिम्मप्पिया मेमोरियल ट्रॉफ़ी के मेजबानों में से एक है, जो 16 टीमों वाला एक लाल गेंद के साथ खेला जाने वाला बहु-दिवसीय प्री-सीजन टूर्नामेंट है। चिन्नास्वामी स्टेडियम इस प्रतियोगिता के छह मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें एक सेमीफ़ाइनल और 26 सितंबर से होने वाला फ़ाइनल शामिल है। हालांकि स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं होगी। अजिंक्य रहाणे, वेंकटेश अय्यर, हनुमा विहारी, विजय शंकर, शशांक सिंह भाग लेने वाले शीर्ष भारतीय सितारों में से हैं। टूर्नामेंट में मुंबई, विदर्भ, मध्य प्रदेश, हिमाचल, छत्तीसगढ़ सहित अन्य की टीमें शामिल हैं। चिन्नास्वामी की क्रिकेट कैलेंडर में वापसी ऐसे समय में हुई है जब आरसीबी ने इस दुखद भगदड़ पर सोशल मीडिया पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। पिछले हफ़्ते फ्रेंचाइजी ने मृतकों के परिवारों को 25 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी, साथ ही बेहतर भीड़ सुरक्षा और प्रबंधन के लिए दीर्घकालिक कार्रवाई का भी वादा किया था।

## चीन एशियाई बेसबॉल चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा

फ़ूज़ौ, 5 सितंबर। आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2025 एशियाई बेसबॉल चैंपियनशिप दक्षिण-पूर्वी चीन के फ़ुज़ियान प्रांत के पिंग्टन में 22 से 28 सितंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। इस चैंपियनशिप में जापान, दक्षिण कोरिया, चीनी ताइपे, फिलीपींस, हांगकांग, पाकिस्तान, फ़िलिस्तीन और मेजबान चीन शामिल होंगे। बीस बार विजेता जापान, 2023 का सेमीफाइनलिस्ट दक्षिण कोरिया और 2019 में विजेता और 2023 में उपविजेता चीनी ताइपे इस साल की चैंपियनशिप में प्रबल दावेदार हैं, जिसका विजेता 2026 में होने वाले अंडर-23 बेसबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा।



## थंडरबोल्ट पोलो टीम ने 10 में से 6 पेनल्टी लगा 'पूल टॉपर' का खिताब हासिल किया

जयपुर, 5 सितम्बर। थंडरबोल्ट पोलो टीम ने 10 में से 6 पेनल्टी पर शानदार प्रदर्शन किया और "पूल टॉपर" का खिताब हासिल किया। उन्होंने कोग्निवेरा एएससी पोलो टीम (4/9) और नेवी पोलो टीम (1/6) को पछाड़ दिया, जो क्रमशः पूल में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। थंडरबोल्ट टीम में मेजर मृत्युंजय सिंह ने महत्वपूर्ण गोल किए जिससे शूटआउट में उनकी मजबूत स्थिति बनी रही।

**सेमीफ़ाइनल मुकाबलों की घोषणा** – कल कैवेलरी पोलो ग्राउंड में दो प्रत्याशित सेमीफ़ाइनल मुकाबले होंगे: जयपुर पोलो टीम बनाम कोग्निवेरा एएससी पोलो टीम। थंडरबोल्ट पोलो टीम बनाम गोहिलवाड पोलो टीम। लीग चरण और पेनल्टी शूटआउट समाप्त होने के साथ, टूर्नामेंट निर्णायक दौर में पहुँच गया है। टीमें अपनी फॉर्म और रणनीतियों का पूरा फ़ायदा उठाना चाहेंगी, और आर्मी कमांडर्स कप जीतने के लिए हर गोल और रक्षात्मक खेल काफ़ी अहम होगा।



## पहली बार भरत में हो रही एशियन एक्वेटिक्स के मस्कट और लोगो का अनावरण

जयपुर, 5 सितम्बर। भारत पहली बार एशिया के सबसे बड़े जलीय खेलों के महाकुंभ की मेजबानी करने जा रहा है। 11वीं एशियन एक्वेटिक्स (स्वीमिंग) चैंपियनशिप 28 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक अहमदाबाद के नवनिर्मित वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की जाएगी। स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष राजस्थान के अनिल व्यास ने शुक्रवार को बताया कि इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में स्विमिंग, डाइविंग, आर्टिस्टिक स्विमिंग और वॉटर पोलो जैसे खेलों में एशिया के 30 से अधिक देशों के शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जापान, चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे। शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केन्द्रीय खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने चैंपियनशिप के मस्कट और लोगो का अनावरण किया। कार्यक्रम में राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष और फेडरेशन के उपाध्यक्ष अनिल व्यास भी मौजूद थे।

## अभिनव व कृष्णा का स्वागत



जयपुर, 5 सितंबर। आज जयपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा हाल ही में जापान के टोक्यो में होने वाले 25 में ग्रीष्मकालीन डेफ ओलंपिक में अभिनव शर्मा का चयन होने पर तथा यूके में संपन्न पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में कृष्ण नागर द्वारा कांस्य पदक जीतने पर दोनों खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर कोच यादवेंद्र सिंह जयपुर जिला संघ सचिव मनोज दासोत व जयपुर जिला के कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर दोनों खिलाड़ियों को 11000 रुपए के चेक तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को इस खुशी में लड्डू बांटे गए। इस मौके पर अभिनव शर्मा के भाई आरुणि शर्मा ने अभिनव के तीनों गुरु यादवेंद्र सिंह ,अतुल गुप्ता व मनोज दासोत की तारीफ करते हुए कहा कि आप लोगों के सहयोग व कोचिंगके बगैर अभिनव का इन ऊंचाइयों पर जाना संभव नहीं था। साथी इस मौके पर कृष्णा नागर ने मनोज दासोत की तारीफ करते हुए कहा की उनके द्वारा दिये प्रशिक्षण ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में बहुत मदद की।

## थाईलैंड को 11-0 से रौंदकर भारतीय महिला टीम की एशिया कप में विस्फोटक शुरुआत

हांगझोऊ (चीन), 5 सितंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंद कर एशिया कप में विजय के साथ अपने अभियान की विस्फोटक शुरुआत की। भारतीय टीम के लिए मुमताज खान ने (सातवें, 49वें), उदिता ने (30वें, 52वें) और ब्यूटी डुंग डुंग ने (45वें, 54वें) मिनट में दो-दो गोल किए, जबकि संगीता कुमारी ने (10वें), नवनीत कौर ने (16वें), लालरेम्सियामी ने (18वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) मिनट में गोल किए।



पहले क्वार्टर में मुमताज खान (सातवें मिनट) और संगीता कुमारी (10वें मिनट) के दो मैदानी गोलों से भारत ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बना लिया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपनी आक्रामकता और बढ़ाते हुए तीन और गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर ने (16वें मिनट) और मिडफील्डर लालरेम्सियामी नें (18वें मिनट) लगातार दो मैदानी गोल दागे और उसके बाद उदिता ने (30वें मिनट) में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके पहले हाफ का समापन शानदार तरीके से किया।

दूसरे हाफ में भी भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले किए और तीसरे क्वार्टर में उसे चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से ब्यूटी डुंग डुंग नें (45वें मिनट) में अपना पहला गोल दागा। मैच के आखिरी क्वार्टर में भारत ने लगातार पांच गोल दागकर अपने पहले मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज की। मुमताज खान (49वें मिनट), उदिता (52वें मिनट) और शर्मिला देवी (57वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए, जबकि ब्यूटी डुंग डुंग (54वें मिनट) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें मिनट) ने फील्ड गोल किए।

## विश्व मुक्केबाजी : सुमित और नीरज ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की

लिवरपूल, 5 सितंबर। सुमित कुंडू (पुरुष 75 किग्रा) और नीरज फोगाट (महिला 65 किग्रा) ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अपने-अपने भार वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को ब्रिटेन के लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों का दबदबा जारी रहा। पुरुषों के 75 किग्रा वर्ग के पहले राउंड में सुमित को जॉर्डन के मोहम्मद अलहुसिएन के खिलाफ तीनों राउंड में कोई परेशानी नहीं हुई और उन्होंने 5:0 से जीत हासिल की, जबकि नीरज को फिनलैंड की क्रिस्टा कोवलैनेन को हराने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और 3:2 से जीत हासिल की। भारत ने हाल ही में गठित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी नियामक संस्था, विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित हो रही पहली विश्व चैंपियनशिप में 20 सदस्यीय मजबूत दल उतारा है और ब्राजील और कजाकिस्तान में हुए विश्व मुक्केबाजी कप में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चाहता है।

## मेसी के घरेलू मैदान पर डबल से अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को हराया

ब्यूनस आयर्स, 5 सितंबर। लियोनेल मेसी ने अपने आखिरी घरेलू विश्व कप क्वालीफायर में दो गोल दागे जिससे अर्जेंटीना ने गुरुवार को वेनेजुएला पर 3-0 से जीत हासिल की। आठ बार के बैलन डीओर विजेता मेसी, जो वार्मअप के दौरान भावुक हो गए थे, ने 39वें मिनट में जूलियन अल्वारेज के काउंटरअटैक क्रॉस पर गोलकीपर राफेल रोमो के ऊपर से शॉट मारकर मेजबान टीम को बढ़त दिला दी।

स्थानापन्न लुटारो मार्टिनेज ने निको गोंजालेज के बाएं बाईलाइन से कट-बैक के बाद डाइविंग हेडर से बढ़त दोगुनी कर दी। मेसी ने थियागो अल्माडा के साथ मिलकर 12 गज की दूरी से साइड-फुटिंग गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया।

38 वर्षीय अर्जेंटीना के कप्तान ने 89वें मिनट में रोमो के ऊपर से गेंद को चिप करके अपनी हैट्रिक पक्की कर ली थी, लेकिन उन्हें ऑफसाइड करार दे दिया गया। मेसी, जिन्होंने पिछले हफ़्ते कहा था कि यह क्वालीफ़ाइंग




अभियान लगभग उनका आखिरी अभियान होगा, को अंतिम मिनटों में 80,000 से ज्यादा प्रशंसकों ने उनका नाम लेकर सलाम किया। एस्टाडियो मोनुमेंटल में हुए इस परिणाम के साथ अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में शीर्ष पर 10 अंकों की बढ़त के साथ एक मैच का दिन शेष रहते पहुंच गया है। वेनेज़ुएला, जो अपने पहले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में है, 10 टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर बना हुआ है, जिससे उसे प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी।

## गोल्ड मेडल इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश अमय, हार्विन, वीर, नविका और लक्षाण्या अंडर-9 के अंतिम 4 में

### राजस्थान के सुभाष अंडर-17 के फाइनल में

जयपुर, 5 सितम्बर। राजस्थान के सुभाष चौधरी ने शुक्रवार को यहां तमिलनाडु के दर्शिल परसरामपुरिया को 11-5, 11-7, 3-11, 11-6 से पराजित कर सवाई मानसिंह स्टेडियम कोर्ट्स पर खेली जा रही गोल्ड मेडल इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप के अंडर-17 बॉयज के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में सुभाष का मुकाबला शनिवार को राघव वशिष्ठ (उत्तर प्रदेश) और वरुण शाह (महाराष्ट्र) के बीच दूसरे सेमी फाइनल के विजेता से होगा।

अंडर-17 गर्ल्स की खिताबी भिड़ंत सहर नायर और सानवी कलंकी के बीच होगा। सेमी फाइनल में सहर नायर ने आराध्या पोड़वाल (रिटायर) को और सानवी कलंकी ने दिवा शाह को 9-11, 11-6, 11-9, 11-1 से हरा फाइनल में जगह बनाई। अंडर-9 के बॉयज में



राजस्थान के अमय महाजन, हार्विन सेठिया, वीर लोयल ने अपने क्वार्टर फाइनल मैच जीत सेमी फाइनल में प्रवेश किया। वहीं गर्ल्स में राजस्थान की नविका सोनी और लक्षाण्या राजावत अंतिम चार में पहुंच गई हैं।

अंडर-15 बॉयज में श्रेयांस झा ने आर्यमन सिंह को 11-5, 12-10, 10-12, 11-3 से हरा फाइनल में जगह बना, जहां उनका मुकाबला हर्शिल राणा से होगा। हर्शिल ने श्रेष्ठ अय्यर को 7-11, 11-8, 11-7 (रिटायर) से शिकस्त दी। वहीं गर्ल्स अंडर-15 के सेमी फाइनल में वसुंधरा नांगरे ने गौशिका एम को 11-6, 12-10, 12-10 से और आद्या बुधिया ने आन्या सूद को 12-10, 11-5, 11-2 से हरा फाइनल में जगह बनाई। अंडर-13 बॉयज में शयान समतानी ने राजस्थान के प्रभव बाजोरिया को 11-5, 11-5, 11-4 से और अभ्युदय अरोड़ा ने अमार्य बजाज को 11-9, 11-9, 9-11, 11-7 से हरा फाइनल में प्रवेश किया। वहीं गर्ल्स में नंदिकाश्री कलाइवनन ने करिना शशिकुमार (सिंगापुर) को 11-4, 11-9, 11-9 से और शनाया परसरामपुरिया ने राजस्थान की दिव्यांशी जैन को 2-11, 12-10, 11-6, 7-11, 8-6 (रिटायर) से हरा फाइनल में जगह पक्की की। अंडर-11 बॉयज में तिलकवीर कपूर ने वेद सांगानेरिया को 11-2, 11-4, 11-8 से और हरिबाला के. ने निर्वान पारीक को 15-13, 6-11, 11-6, 11-4 से हरा फाइनल में स्थान बनाया। वहीं गर्ल्स अंडर-11 में कीर्ति प्रधा जुनिवार बाला ने मीरा रुथिरन को 11-2, 11-5, 11-5 से और आलिया कांकरिया ने आर्ना पांडे को 11-6, 11-3, 11-5 से शिकस्त दे फाइनल में जगह पक्की कर ली।

अंडर-19 गर्ल्स में रुद्रा सिंह ने राजस्थान की छवि सारण को 11-4, 11-2, 11-2 से हरा फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में रुद्रा का मुकाबला खशबू और व्योमिका खंडेलवाल के बीच दूसरे सेमी फाइनल की विजेता से होगा। स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष सुरभि मिश्रा के अनुसार शनिवार को सभी कैटेगरी के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इसके अलावा अंडर-9 के सेमी फाइनल और फाइनल खेले जाएंगे।